Test & Trace Corps

# ट्रेसिंग: क्या उम्मीद की जा सकती है?

## ट्रेसिंग क्या होता है?

+ ट्रेसिंग, जिसे संपर्क ट्रेसिंग भी कहते हैं, में COVID-19 से तशखीस किए या संपर्क में आए लोगों को ढूँढना और उन्हें तब तक अन्य लोगों से दूर रहने के लिए कहना शामिल होता है, जब तक वह वायरस को और ना फैला सकते हों।
+ COVID-19 के फैलाव को रोकने और शहर को सुरक्षित ढंग से खोलने के लिए ट्रेसिंग न्यू यॉर्क शहर की योजना का एक प्रमुख भाग है।

## संपर्क ट्रेसर कौन होते हैं?

+ संपर्क ट्रेसर जाँच और ट्रेस करने वाली सेना का भाग हैं। वे COVID-19 से तशखीस किए गए लोगों को फोन करते हैं और उन्हें अन्य लोगों से दूर रहने के लिए कहते हैं।
+ फिर संपर्क ट्रेसर यह पता लगाते हैं कि और कौन-कौन COVID-19 के संपर्क में आया हो सकता है और उन्हें भी अन्य लोगों से दूर रहने के लिए कहते हैं।

## मुझे एक संपर्क ट्रेसर फोन क्यों कर रहा है?

+ संपर्क ट्रेसर COVID-19 से तसखीश किए गए लोगों या इसके संपर्क में आए लोगों को फोन करते हैं।
+ आपका संपर्क ट्रेसर निम्न कार्य करेगा:
  - आपको पूछेगा कि आप कैसा महसूस कर रहे हैं।
  - आपको पूछेगा यदि आपको स्वस्थ रहने और COVID-19 को फैलाने से रोकने में सहायता के लिए कोई चीज़ चाहिए।
  - आपको बताएगा कि आपको कितने समय के लिए अंदर और अन्य लोगों से दूर रहना होगा।
+ **यदि आप की COVID-19 से तशखीस की गई है तो,** आपका संपर्क ट्रेसर निम्न कार्य भी करेगा:
  - आपसे ऐसे प्रश्न पूछेगा जिनसे पता लगाया जा सके कि आपको संक्रमण कैसे हुआ हो सकता है।
  - आपसे उन सभी लोगों के नाम और संपर्क जानकारी पूछेगा जिनके साथ आपने करीबी संपर्क बनाया था, जब आपने संभावित रूप से उन्हें वायरस दिया होगा।
+ यदि आपके संपर्क ट्रेसर आपके साथ फोन पर संपर्क ना कर पाएँ, तो उन्हें जाँच करने के लिए आप से व्यक्तिगत रूप में मुलाकात करनी होगी।

## COVID-19 से तशखीस किए गिए किसी व्यक्ति के साथ "करीबी संपर्क" किसे कहते हैं?

+ "करीबी संपर्क" में आए व्यक्तियों में वो लोग शामिल होते हैं जो:
  - COVID-19 से तशखीस किए किसी व्यक्ति के साथ रहते हों।
  - जिन्होंने COVID-19 से तशखीस किए किसी व्यक्ति को चूमा या उसके साथ संभोग किया हो।
  - जिन्होंने COVID-19 से तशखीस किए किसी व्यक्ति के घर में देखभाल प्रदान की हो।
  - जिन्होंने COVID-19 से तशखीस किए किसी व्यक्ति से छः फीट की दूरी के अंदर 10 मिनट या अधिक समय बिताया हो।
+ **यदि COVID-19 से आपकी तशखीस की गई थी,** तो आपका संपर्क ट्रेसर आपकी यह पता लगाने में सहायता करेगा कि आपके करीबी संपर्क कौन से हैं।

## मुझे यह कैसे पता चलेगा कि मुझे फोन करने वाला व्यक्ति जाँच और ट्रेस सेना से है?

- आपका संपर्क ट्रेसर आपको "NYC Test + Trace" नाम के नंबर से फोन करेगा।
- आपका संपर्क ट्रेसर **कभी भी** आपसे सामाजिक सुरक्षा संख्या, क्रेडिट कार्ड संख्या, या बैंक की जानकारी नहीं माँगेगा। यदि आपको कोई यह जानकारी माँगते हुए फोन करे और कहे कि वह जाँच और ट्रेस सेना से हैं, तो फोन को काट दें।
    - आपका संपर्क ट्रेसर आपसे पहचान संबंधी जानकारी पूछ सकता है जैसे कि जन्म-तिथि और पता।

## जाँच और ट्रेस सेना को मेरे बारे में जानकारी कैसे प्राप्त हुई?

- **यदि आपकी COVID-19 से तशखीस की गई थी,** तो जाँच और ट्रेस सेना को आपके बारे में जानकारी NYC स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त हुई है।
    - न्यू यॉर्क स्टेट लॉ और न्यू यॉर्क शहर स्वास्थ्य नियमों के अनुसार प्रयोगशालाओं को NYC स्वास्थ्य विभाग को COVID-19 के जाँच के परिणाम भेजने की आवश्यकता होती है।
    - NYC स्वास्थ्य विभाग ने उन गोपनीयता कानूनों के साथ अनुपालन करते हुए जाँच और ट्रेस सेना के साथ आपकी जानकारी को सुरक्षित रूप से साझा किया, जो इस प्रकार की जानकारी को जनता के स्वास्थ्य की रक्षा करने और बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए उपयोग करने की अनुमति देते हैं।
- **यदि आप COVID-19 के संपर्क में आए थे,** तो जाँच और ट्रेस सेना को आपकी जानकारी इसलिए प्राप्त हुई क्योंकि COVID-19 से तशखीस किए किसी व्यक्ति ने एक संपर्क ट्रेसर को बताया कि जब वे संभावित रूप से वायरस को फैला रहे थे, तो आप उनके करीबी संपर्क में आए थे।
    - आपका संपर्क ट्रेसर आपको यह नहीं बता सकता कि किस ने उन्हें बताया कि आप एक करीबी संपर्क थे। जाँच और ट्रेस सेना के साथ साझा की गई सारी व्यक्तिगत जानकारी कानून के द्वारा आवश्यकता अनुसार गोपनीय रखी जाएगी।

## मेरा संपर्क ट्रेसर मुझे कितनी बार फोन करेगा?

- आपका संपर्क ट्रेसर यह देखने के लिए कि अब आप कैसे हैं – आपको लगभग 10 दिनों के लिए हर रोज़ फोन करेगा – कभी-कभी कम या कभी-कभी ज़्यादा।
- जब आपका संपर्क ट्रेसर आपको फोन करे तो जवाब देने का भरपूर प्रयास करें। कॉलर ID में "NYC Test + Trace" लिखा होगा।
- यदि आपके संपर्क ट्रेसर आपके साथ संपर्क ना कर सकते हों, तो शायद आपकी जाँच करने के लिए उन्हें आपसे व्यक्तिगत रूप में मिलना होगा।

## जाँच और ट्रेस सेना मेरी गोपनीयता को कैसे सुनिश्चित करेगी?

- आपके द्वारा प्रदान की जाने वाले व्यक्तिगत जानकारी को केवल जाँच और ट्रेस सेना द्वारा जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा करने और अन्य लोगों से अलग रहने के दौरान आपके लिए आवश्यक चीज़े प्रदान करने के उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाएगा। इसे सुरक्षित रूप से संभाला जाएगा।
- जाँच और ट्रेस सेना कानून के द्वारा आवश्यकता अनुसार आपकी जानकारी की गोपनीयता की रक्षा करेगी।

## संपर्क ट्रेसरों को संभावित रूप से COVID-19 के संपर्क में आए व्यक्तियों को फोन करने की आवश्यकता क्यों होती है?

- COVID-19 से तशखीस किए व्यक्ति अपने संक्रमण के बारे में अपने करीबी संपर्कों को सूचना दे सकते हैं, पर यह महत्वपूर्ण है कि संपर्क ट्रेसर भी इनकी जाँच करवाने, इनके लक्षणों के निरीक्षण में सहायता करने, और उनके लिए आवश्यक किन्हीं सेवाओं को प्रदान करने के लिए उन्हें फोन करें।

## क्या मेरा संपर्क ट्रेसर मेरी जानकारी को लॉ इन्फोर्समेंट या इमीग्रेशन सेवाओं के साथ साझा करेगा?

- आपके संपर्क ट्रेसर के साथ आपके द्वारा साझा की गई किसी भी जानकारी को इमीग्रेशन, लॉ इन्फोर्समेंट, या इंसाफ अधिकारियों के साथ साझा नहीं किया जाएगा जब तक कानूनन इसकी आवश्यकता न हो।

## क्या मुझे बाहर जाने की अनुमति है यदि मेरा संपर्क ट्रेसर मुझ से कहे कि मेरी COVID-19 से तशखीस हुई है या मैं इसके संपर्क में आया/आई हूँ?

- यदि आपको कोई अनिवार्य मेडिकल देखभाल की आवश्यकता न हो, (उदाहरण के लिए, एक डायलेसिस सत्र या मेडिकल आपातकाल) तो आपको तब तक बाहर नहीं जाना चाहिए जब तक आपका संपर्क ट्रेसर आपसे यह न कहे कि बाहर जाना अब ठीक रहेगा।
  - हर रोज़ अपने संपर्क ट्रेसर के फोन का जबाव दें ताकि वह आपको बता सके कि आप अपने घर से दुबारा कब निकल सकते हैं।
  - यदि आपको मेडिकल देखभाल प्राप्त करने के लिए घर से बाहर निकलने की आवश्यकता है तो, चहरे को ढकने वाली सामग्री को पहनें और समय से पहले अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को बताएँ कि आपकी COVID-19 से तशखीस की गई है या आप उसके संपर्क में आए हैं।
- यदि आप अपने घर में अन्य लोगों से सुरक्षित रूप से दूरी बना कर नहीं रख सकते तो, अपने संपर्क ट्रेसर को बताएँ या 844-NYC-4NYC (844-692-4692) पर फोन करें। वो आपके लिए नि: शुल्क एक होटल के कमरे की व्यवस्था कर सकते हैं।

## क्या जाँच और ट्रेस सेना मेरी गतिविधियों को ट्रैक कर रही है?

- नहीं। जाँच और ट्रेस सेना आपकी गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए स्मार्टफोन तकनीक या अन्य किसी ढंग का उपयोग नहीं करती।
- यदि कोई संपर्क ट्रेसर आपसे व्यक्तिगत रूप में मिलने आए, तो यह आपकी और आपके स्वास्थ्य की जाँच करने के लिए होगा और यह जानने के लिए कि और कौन-कौन से लोग COVID-19 के संपर्क में आए होंगे।

## यदि मैं बाहर जाऊँ, तो क्या मुझे गिरफ्तार किया जाएगा या मुझ पर हर्जाना लगाया जाएगा?

- नहीं, आपको बाहर जाने के लिए गिरफ्तार नहीं किया जाएगा और न ही हर्जाना लगाया जाएगा।
- COVID-19 को फैलने से रोकने के लिए, मेडिकल आपातकाल न होने तक, यह बहुत आवश्यक है कि आप अंदर रहें और घर में अन्य लोगों से दूर रहें जब तक आपका संपर्क ट्रेसर आपको छूट नहीं देता।
  - आप अपने संपर्क ट्रेसर को किसीं ऐसी अनिवार्य वस्तुओं के बारे में बता सकते हैं जिनकी आपको उनके साथ रोज़ाना चेक-इन करने के लिए आवश्यकता है। वह इस बात को सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपके पास खाना, दवाई और अन्य कोई सहायता पहुँचाई जाए ताकि आपको बाहर जाने की आवश्यकता न पड़े।

## क्या मुझे मेरे संपर्क ट्रेसर से बात करने के लिए इमीग्रेशन कानून के अधीन "पब्लिक चार्ज" माना जाएगा?

- नहीं। अपने संपर्क ट्रेसर से बात करने के कारण आपकी ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन देने की योग्यता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।
- COVID-19 के साथ संबंधित मेडिकल इलाज या रोकथाम स्वास्थ्य सेवाओं को पब्लिक चार्ज नियम के अधीन **नहीं** माना जाएगा।

## यदि मैं काम पर नहीं जा सकता/सकती तो क्या मुझे पेड सिक लीव मिलेगी?

- आप COVID-19 महामारी के प्रतिक्रिया में अपनाए गए संघीय परिवार पहले कोरोनावायरस प्रतिक्रिया कानून या न्यू यॉर्क स्टेट पेड सिक लीव कानून के अधीन पेड सिक लीव या एक्सपेंडेड फेमिली लीव के लिए योग्य हो सकते हैं।
- अधिक जानकारी के लिए COVID-19 के लिए नयी पेड लीव पर जाएँ या 311 पर कॉल करें।

**अधिक जानकारी के लिए,** TestandTrace.NYC **पर जाएँ या 311 पर कॉल करें**